
# राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, NDVSU जबलपुर में सामूहिक गायन



जबलपुर, 07 नवंबर, 2025 राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसर को चिह्नित करने के लिए नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (NDVSU) के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, जबलपुर में आज दोपहर 1:00 बजे एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत माननीय कुलपति महोदय जी की प्रेरणा और निर्देशन में किया गया। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन सर के मार्गदर्शन किया गया, सामूहिक राष्ट्रगीत गायन नवीन भवन स्थित सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं, प्राध्यापक गणों और समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई थी। सभागार में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम में वन्दे मातरम के स्वतंत्रता संग्राम में महत्व को रेखांकित किया और इसे क्रांतिकारियों का मूल मंत्र बताया। राष्ट्रगीत हमें मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण और एकता की भावना से जोड़ता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास और राष्ट्रीय प्रतीकों के महत्व से परिचित कराने का प्रयास किया गया। इस सफल आयोजन ने पूरे महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय चेतना और एकजुटता का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ सोना दुबे द्वारा तैयार की गई, कार्यक्रम में प्राध्यापकगण डॉ. माधुरी शर्मा, श्री शिवमोहन सिंह, टीचिंग एसोसिएट प्रतीक कुमार तिवारी, प्रियंका गौतम, सत्येंद्र कटारा, स्वयं सेवक एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही, मंच संचालन प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर